
आज
20/3/26

दैनिक कार्योंमें हिन्दीका अधिकाधिक प्रयोग करें-महाप्रबन्धक

कोर में राजभाषा कार्यान्वयन समितिकी बैठक आयोजित



केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई।

बैठक में महाप्रबंधक ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा पर्याप्त सुविधाएं और छूट प्रदान की गयी हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा संकोच को त्यागकर सहज रूप से हिंदी में कार्य करें। उन्होंने कहा कि ई-आफिस सहित सभी कार्य हिंदी में सरलता से किए जा सकते हैं। मुख्य राजभाषा अधिकारी डाक्टर संजय सिंह नेगी ने सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन में हिंदी के प्रयोग-प्रसार में निरंतर प्रगति हो रही है, तथापि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति हेतु सतत प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि संगठन में धारा ३(३) का अनुपालन संतोषजनक है तथा मूल पत्राचार में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव बृजेश चौधरा ने किया।

न्यायाधीश प्रयागराज

20/03/24

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन



प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता मे गुरूवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा पर्याप्त सुविधाएं और छूट प्रदान की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा संकोच को त्यागकर सहज रूप से हिंदी में कार्य करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 3(3) के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है और ई-ऑफिस सहित सभी कार्य हिंदी में सरलता से किए जा सकते हैं। महाप्रबंधक के सम्बोधन से पूर्व, मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी ने सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन में हिंदी के प्रयोग-प्रसार में निरंतर प्रगति हो रही है, तथापि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति हेतु सतत प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि संगठन में धारा 3(3) का अनुपालन संतोषजनक है तथा मूल पत्राचार में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव बृजेश चौधरी द्वारा किया गया।

स्वतंत्र चेतना प्रयागराज
20/03/26

संकोच एवं झिझक त्यागकर रेल अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयी कार्य गर्व के साथ हिन्दी भाषा में करें-कोर महाप्रबंधक

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। महाप्रबंधक श्री वर्मा ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा पर्याप्त सुविधाएं और छूट प्रदान की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा संकोच को त्यागकर सहज रूप से हिंदी में कार्य करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 3(3) के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है और ई-ऑफिस सहित सभी कार्य हिंदी में सरलता से किए जा सकते हैं।

महाप्रबंधक के सम्बोधन से पूर्व, मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी ने सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन में हिंदी के प्रयोग-प्रसार में निरंतर प्रगति हो रही है, तथापि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति हेतु सतत प्रयास आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन में धारा 3(3) का अनुपालन संतोषजनक है तथा मूल पत्राचार में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव श्री बृजेश चौधरी द्वारा किया गया।



JEEVAN EXPRESS
20 MARCH 2026

Official language implementation committee meeting held at CORE

JEEVAN EXPRESS NEWS

PRAYAGRAJ: A meeting of the Official Language Implementation Committee was held at the Central Organisation for Railway Electrification (CORE) in Prayagraj on March 19, 2026, under the chairmanship of General Manager Ashok Kumar Verma. The meeting focused on promoting the use of Hindi in official work and reviewing progress in its implementation across the organisation. Addressing the gathering, the General Manager emphasized that the Railway Board has provided adequate facilities and relaxations to encourage the use of Hindi as the official language. He urged officers and employees to increase the use of Hindi in their daily work and to adopt it confidently and without hesitation. He also stressed the need to ensure full compliance with the provisions of Section 3(3) of the Official Languages Act, adding that all official tasks, including those carried out through the e-office system, can be efficiently performed in Hindi. Earlier, Chief Official Language Officer Dr Sanjay Singh Negi welcomed the attendees and highlighted the organisation's ongoing efforts to promote Hindi. He stated that steady progress has been made in increasing its use, but continuous efforts are still required to fully achieve the set targets. He informed that compliance with Section 3(3) provisions has been satisfactory and that the use of Hindi in original correspondence has shown consistent growth. He further noted that various training programs and workshops are regularly conducted to encourage officers and employees to use Hindi more effectively in their official responsibilities. These initiatives are aimed at improving proficiency and building confidence among staff members. The meeting was attended by senior officials from various departments at the headquarters, along with departmental representatives responsible for official language coordination. The proceedings were conducted and the vote of thanks was delivered by Deputy Chief Official Language Officer and Member Secretary Brijesh Chaudhary.

